# फ्लिपकार्ट पर हर तिमाही ओडीओपी उत्पादों की बिक्री में 52% वृद्धि

लखनऊ। प्रदेश के परंपरागत शिल्प को प्रोत्साहन देने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजना 'एक जिला-एक उत्पाद' के नतीजे दिखने लगे हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट पर बीते सवा साल में 1000 करोड़ रुपये के 2 करोड़ से अधिक ओडीओपी उत्पाद खरीदे गए हैं। सोमवार को फ्लिपकार्ट के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी से भेंट कर उन्हें यह जानकारी दी। उन्होंने ओडीओपी योजना के लिए सीएम का आभार भी जताया।



## फ्लिपकार्ट के अफसरों ने सीएम योगी से मिलकर जताया आभार

मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस भेंट में फ्लिपकार्ट के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने बताया कि बिक्री में वर्ष 2020 से अब तक हर तिमाही में पिछली तिमाही से 52 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे शिल्पकारों को भी खासी आमदनी हुई है। फ्लिपकार्ट पर ओडीओपी उत्पादों को लेकर लोगों के अच्छे रिस्पॉन्स पर सीएम योगी ने खुशी जताते हुए कहा कि ओडीओपी योजना आत्मनिर्भर यूपी के सपने को पूरा करने का महत्वपूर्ण आधार है। यह शिल्पियों को आर्थिक स्वावलंबन तो दे रही है, वहीं उत्तर प्रदेश को विशिष्ट पहचान भी मिल रही है। ब्यूरो